मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि वैभव किस तरह से खेला है। वह ताबड़तोड़ रन बना रहा था लेकिन मैच हालात को भांपकर खेल रहा था। उसने बेहतरीन खेला और समझ में नहीं आता कि हर बार वह ऐसा कैसे कर लेता है।

– रियान पराग

रॉयल्स के कप्तान, सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

कुमार संगकारा



राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जल्द ही भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। आईपीएल 2026 में जिस तरह वैभव ने दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी की है, उससे साबित होता है कि वह बड़े स्तर की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वैभव के प्रदर्शन पर बेहद गर्व है और फ्रेंचाइजी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वह आगे भी अपने निडर खेल और सकारात्मक सोच को बनाए रखें। ''वैभव परिस्थितियों को बहुत अच्छी तरह समझता है।

क्या आप जानते हैं ?... सुनील छेत्री ने भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक 95 गोल किए हैं, जो उन्हें दुनिया के शीर्ष अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोररों में शामिल करता है।

आईपीएल 2026 फाइनल : फिर इतिहास रचने की दहलीज पर आरसीबी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस आज आमने-सामने

नई दिल्ली, 30 मई । दो महीने तक चले रोमांच, संघर्ष और शानदार क्रिकेट के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले खिताबी मुकाबले में गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों की नजर दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर होगी। सीजन की शुरुआत में आरसीबी को लेकर सबसे बड़ा सवाल था कि क्या वह लगातार दूसरी बार चैंपियन बन सकती है? कागजों पर टीम बेहद मजबूत दिख रही थी, लेकिन टी20 क्रिकेट में केवल मजबूत टीम होना ही काफी नहीं होता। पूरे टूर्नामेंट में आरसीबी ने निरंतरता दिखाई और अब वह लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने पूरे सीजन में अपने जुझारूपन और बड़े मैचों में दबाव झेलने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। घरेलू मैदान पर खेल रही गुजरात की टीम ट्रॉफी को अहमदाबाद में ही बनाए रखने के इरादे से उतरेगी।

विराट कोहली पर रहेंगी निगाहें

फाइनल मुकाबले में सबसे ज्यादा चर्चा एक बार फिर विराट कोहली की होगी। बड़े मंच पर प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता किसी से छिपी नहीं है। कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल, कप्तान रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर, फिल सॉल्ट और टिम डेविड जैसे बल्लेबाज आरसीबी की बल्लेबाजी को बेहद मजबूत बनाते हैं। पूरे सीजन में जब भी टीम मुश्किल में फंसी, उसके बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाई। यही कारण है कि आरसीबी का बल्लेबाजी क्रम इस फाइनल में उसकी सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है।

गुजरात की ताकत उसकी सलामी जोड़ी

गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन रहे हैं। दोनों ने पूरे सीजन में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई है। इनके साथ जोस बटलर का अनुभव और आक्रामक बल्लेबाजी गुजरात को और खतरनाक बनाती है। जहां कई टीमें पावरप्ले में तेजी से रन बनाने की कोशिश करती हैं, वहीं गिल और सुदर्शन ने संयमित शुरुआत कर बाद में तेजी लाने की रणनीति अपनाई, जो पूरे सीजन में सफल साबित हुई।

गेंदबाजी में गुजरात का पलड़ा भारी

अगर बल्लेबाजी में आरसीबी मजबूत नजर आती है तो गेंदबाजी में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी माना जा रहा है। कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाज किसी भी बल्लेबाजी क्रम को परेशानी में डाल सकते हैं। हालांकि सिराज की फिटनेस को लेकर थोड़ी चिंता बनी हुई है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में उन्हें कंधे में परेशानी हुई थी। ऐसे में फाइनल में उनकी उपलब्धता पर नजर रहेगी। अहमदाबाद की पिच अगर गेंदबाजों को थोड़ी भी मदद देती है तो रबाडा और सिराज की जोड़ी मैच का रुख बदल सकती है। दोनों ने इस सीजन सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकने वाले गेंदबाजों में जगह बनाई है।

कौन बनेगा चैंपियन?

एक ओर घरेलू मैदान पर खेल रही गुजरात टाइटंस है, तो दूसरी ओर लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना देख रही आरसीबी। दोनों टीमों के पास दमदार बल्लेबाजी, अनुभवी गेंदबाजी और मजबूत नेतृत्व मौजूद है। अब सवाल सिर्फ इतना है कि रविवार की रात दबाव को कौन बेहतर तरीके से संभालता है। जो टीम निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखेगी, वही आईपीएल 2026 की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम करेगी।

आरसीबी के गेंदबाज भी कम नहीं

आरसीबी की गेंदबाजी भी पूरे सीजन में प्रभावशाली रही है। भुवनेश्वर कुमार 26 विकेट लेकर टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उनके अलावा जोश हेजलवुड, रसिख सलाम और क्रुणाल पांड्या ने भी अहम मौकों पर टीम को सफलता दिलाई है। फाइनल में उनकी सबसे बड़ी चुनौती शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी को जल्दी आउट करना होगी।

कप्तानी की भी होगी कड़ी परीक्षा

यह मुकाबला सिर्फ खिलाड़ियों का नहीं बल्कि कप्तानों का भी होगा। शुभमन गिल ने पूरे सीजन में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए टीम का नेतृत्व किया है, जबकि रजत पाटीदार ने शांत और संतुलित कप्तानी से आरसीबी को फाइनल तक पहुंचाया। पाटीदार की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि उन्होंने स्टार खिलाड़ियों से भरे ड्रेसिंग रूम में संतुलन बनाए रखा और युवा खिलाड़ियों को खुलकर खेलने का अवसर दिया।

किसी से तुलना के बजाय मैं अपनी राह पर चलना चाहता हूं : रजत

रजत पाटीदार महान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा की तरह आईपीएल खिताब का बचाव करने वाले कप्तानों की सूची में शामिल होने से बस एक कदम दूर हैं, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान किसी और की नकल करने के बजाय एक नेतृत्वकर्ता के रूप में अपना अलग रास्ता बनाना चाहते हैं। पाटीदार ने 2025 में आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया था, और अब उन्हें लगातार दूसरा खिताब जीतने के लिए रविवार को गुजरात टाइटंस को हराना होगा। धोनी और रोहित शर्मा की तरह खिताब बचाने की उपलब्धि के करीब पहुंचने पर पूछे गए सवाल पर पाटीदार ने कहा कि उनका ध्यान तुलना पर नहीं, बल्कि अपने खेल और टीम के प्रदर्शन पर है।

आईसीसी बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त हुई डॉ. रोस सी. रिवाज

नई दिल्ली, 30 मई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने डॉ. रोस सी. रिवाज़ को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। वह शुरुआती तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए बोर्ड से जुड़ेंगी, जिसे अधिकतम तीन वर्ष और बढ़ाया जा सकता है। डॉ. रिवाज़ वर्तमान में एंग्लियन वाटर की चेयरमैन हैं और यूरोप की मैटेरियल साइंस कंपनियों एपराम एसए तथा विक्ट्रेक्स पीएलसी में लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने ब्रिटेन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित कंपनियों में वरिष्ठ कार्यकारी पदों पर कार्य किया है। आईसीसी ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि डॉ. रिवाज़ को रणनीति निर्माण, जोखिम प्रबंधन और प्रदर्शन प्रबंधन का व्यापक अनुभव है, जिससे वह बोर्ड को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। बयान के अनुसार, अपने पूरे करियर के दौरान डॉ. रिवाज़ एक सक्रिय बोर्ड सदस्य रही हैं। उन्होंने सरकारी, व्यावसायिक और सामुदायिक क्षेत्रों के हितधारकों के साथ लगातार संवाद किया है। कॉर्पोरेट गवर्नेंस, दीर्घकालिक रणनीति और संचालन संबंधी उनकी गहरी समझ उन्हें आईसीसी बोर्ड के लिए एक मजबूत विकल्प बनाती है। डॉ. रिवाज़ शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने युवतियों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'योर-लाइफ' अभियान का समर्थन किया है। इसके अलावा वह साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय परिषद की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं तथा वाटरएड सहित कई सामाजिक और सामुदायिक परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। अपनी नियुक्ति पर डॉ. रिवाज़ ने कहा,क्रिकेट के लिए यह बेहद रोमांचक समय है और ऐसे दौर में आईसीसी बोर्ड से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। क्रिकेट लगातार नए दर्शकों तक पहुंच रहा है, समुदायों को प्रेरित कर रहा है और दुनिया के सबसे प्रभावशाली खेलों में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं आईसीसी अध्यक्ष, बोर्ड के अन्य सदस्यों और वैश्विक क्रिकेट परिवार के साथ मिलकर खेल के विकास में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। मजबूत प्रशासन, दीर्घकालिक सोच और समावेशी निर्णय प्रक्रिया क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में पूर्व पेप्सिको चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूयी आईसीसी बोर्ड की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक बनी थीं। स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति आईसीसी संविधान में किए गए व्यापक सुधारों का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य संगठन में पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करना था।

फ्रेंच ओपन में बड़ा उलटफेर 19 वर्षीय जोआओ फोन्सेका ने नोवाक जोकोविच को किया बाहर

पेरिस, 30 मई । फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेरों का सिलसिला जारी है। विश्व टेनिस के दिग्गज और 24 बार के ठौंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ठौंड स्लैम खिताब जीतने का सपना शुक्रवार को टूट गया, जब उन्हें तीसरे दौर में ब्राजील के 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले इस मुकाबले में जीत दर्ज कर फोन्सेका ने इतिहास रच दिया। वह ठौंड स्लैम मुकाबले में जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बन गए। इस जीत के साथ उन्होंने खुद को भविष्य के बड़े दावेदारों में शामिल कर लिया है। जोकोविच की हार का मतलब है कि 39 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को अब भी मार्गरेट कोर्ट के 25 ठौंड स्लैम खिताबों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का इंतजार करना पड़ेगा। एक दिन पहले ही विश्व नंबर एक यानिक सिनर के बाहर होने के बाद यह परिणाम पेरिस में खिताब की दौड़ को और खुला बना गया है। मैच के बाद भावुक फोन्सेका ने कहा,''मुझे सच कहूं तो विश्वास नहीं था कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं। मैं सिर्फ कोर्ट पर जाकर खेल का आनंद लेना चाहता था। जोकोविच जैसे महान खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं बेहद खुश हूं।'' उन्होंने आगे कहा,''मैं हर गेंद को पूरी ताकत से मारने की कोशिश कर रहा था। जोकोविच शायद ही कोई गलती करते हैं और आज भी उनकी फिटनेस अद्भुत है। मैच के अंत में वह मुझसे ज्यादा फिट नजर आ रहे थे।'' फोन्सेका ने यह ऐतिहासिक जीत अपनी मां को समर्पित की, जिनका उसी दिन जन्मदिन था और वे दर्शक दीर्घा में मौजूद थीं।

// एशियाई खेल से सूर्यकुमार यादव का पत्ता साफ //

बीसीसीआई ने आईपीएल स्टार सूर्यवंशी को दिया मौका

नई दिल्ली, 30 मई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 30 पुरुष संभावित खिलाड़ियों की सूची सौंपी है जिसमें आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी का नाम शामिल है लेकिन भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का नाम नहीं है। यह पहले से ही तय था कि बीसीसीआई को दो अलग-अलग टी20 टीम चुननी होंगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की घरेलू सफेद गेंद की श्रृंखला का कुछ हिस्सा चार साल में होने वाले एशियाई खेलों के कार्यक्रम के साथ पड़ रहा रहा है।

वेस्टइंडीज सीरीज में 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच आठ सफेद गेंद के मैच (तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय) खेले जाएंगे। उम्मीद है कि गिल वनडे में टीम की कप्तानी करेंगे इसलिए उन्हें एशियाई खेलों के लिए नहीं चुना गया है। हालांकि कुछ खिलाड़ी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों टीम हैं, लेकिन एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट स्पर्धा 24 सितंबर से तीन अक्टूबर के बीच होगी जिसके चलते चयनकर्ताओं को दो टीमें चुनने के लिए एक बड़ा पूल बनाना पड़ा है। माना जा रहा है कि 2028 ओलंपिक खेलों और अगले टी20 विश्व कप को देखते हुए सूर्यकुमार अब बड़ी योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और एशियाई खेलों की लंबी सूची में उनका नाम नहीं होना कोई हैरानी की बात नहीं है। एशियाई खेलों की इस सूची में कप्तानी के दावेदारों में श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और तिलक वर्मा शामिल हैं।

गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह का नाम भी है, हालांकि 2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उस समय वनडे उनकी प्राथमिकता हो सकते हैं। उम्मीद है कि हर्षित राणा तब तक फिट हो जाएंगे। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के साथ सूची में रखा गया है। स्पिनरों में मुख्य स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और हर्ष दुबे इस सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। लेकिन इन चारों में से केवल दो के ही चुने जाने की उम्मीद है। बाकी दो खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज खेलेंगे। पर सूची में हांग्झोउ चरण के स्वर्ण पदक विजेता कप्तान रुतुराज गायकवाड़ शामिल हैं जिनका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा है।

आईओए को मिली सूची : यशस्वी जयसवाल, अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, नीतिश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, आयुष बडोनी, हर्ष दुबे, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, रवि बिश्नोई, शाहबाज़ अहमद, शिवम दुबे, विपराज निगम, हर्षित राणा, यश ठाकुर, वॉशिंगटन सुंदर।

जुरेल ने बल्लेबाजी का सीक्रेट, नेट और ड्रेसिंग रूम का खोला राज

नई दिल्ली, 30 मई । राजस्थान रॉयल्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने बताया है कि जब लोग मैदान पर उनसे बात करते हैं तो उन्हें हमेशा अच्छा लगता है। जियोस्टार से बातचीत में जुरेल ने कहा कि किसी को मेरे पास आकर मुझसे बात करनी चाहिए ताकि मेरे मन में सकारात्मक विचार आएं। एक साधारण सी बात भी मदद कर सकती है। जब कोई मुझे बल्लेबाजी करने जाने से पहले कुछ कहता है, तो वह बात मेरे मन में रह जाती है।

जुरेल ने कहा कि मैं इस सोच को मैदान पर लेकर जाता हूँ। और जब मैं चर्चा के अनुसार काम कर पाता हूँ, तो मुझे आत्मविश्वास मिलता है। इस तरह का संवाद आपके व्यक्तिगत दृष्टिकोण और ड्रेसिंग रूम के समठा माहौल में बहुत बड़ा फर्क डालता है। बल्लेबाजी के प्रति अपने प्रेम और नेट में अतिरिक्त समय पाने के लिए अपनाई जाने वाली तरकीबों के बारे में जुरेल ने कहा कि मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है। मैं अपने बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर सर से हमेशा कहता रहता हूँ कि मुझे नेट में और समय दें, लेकिन वे हमेशा मना कर देते हैं। इसलिए, मैं हर प्रशिक्षण सत्र में अधिक बल्लेबाजी करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ लेता हूँ। मैं जल्दी पहुँच जाता हूँ और सत्र शुरू होने से 20 मिनट पहले ही बल्लेबाजी शुरू कर देता हूँ।

उन्होंने समझाया कि जब दूसरे बल्लेबाज़ अपनी बारी चाहते हैं, तो मैं 10 मिनट और मांग लेता हूँ। जब वो भी खत्म हो जाते हैं, तो मैं पाँच मिनट और मांग लेता हूँ। मैं बस बल्लेबाजी करता रहता हूँ। जब मेरी बारी खत्म होती है, तो मैं अपने पैड उतार देता हूँ लेकिन उन्हें नेट में ही छोड़ देता हूँ। अगर बाद में कोई अंतराल होता है, तो मैं वापस बल्लेबाजी करने चला जाता हूँ। विक्रम सर जानते हैं कि मैं रुकूंगा नहीं, इसलिए वो हमेशा कहते हैं, 'ध्रुव, कृपया बाहर आ जाओ और दूसरों को भी बल्लेबाजी करने दो।' मैं हर बार ऐसा करता हूँ क्योंकि मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है। मैच से पहले, मैं यह महसूस नहीं करना चाहता कि मैं तैयार नहीं हूँ।

निखिल ने जीता स्वर्ण

हांगकांग, 30 मई । एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भारत ने अपने पदकों की संख्या में इजाफा किया, जिसमें निखिल चंद्रशेखर ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

टी-20 मुंबई लीग 2026 : शार्दुल ठाकुर बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के कप्तान

ठाणे, 30 मई। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने आगामी टी20 मुंबई लीग 2026 के लिए भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। मुंबई क्रिकेट के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार शार्दुल ठाकुर भारतीय टीम के लिए तीनों प्रारूपों में खेल चुके हैं और घरेलू व फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी कई यादगार प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति टीम के उस लक्ष्य को दर्शाती है, जिसके तहत ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स पिछले सीजन के सेमीफाइनल प्रदर्शन से आगे बढ़ते हुए इस बार खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

टीम के पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित संयोजन है। नव-नियुक्त मुख्य कोच धवल कुलकर्णी के मार्गदर्शन में टीम आक्रामक क्रिकेट खेलने और पिछली बार फाइनल में पहुंचने से चूकने की निराशा को पीछे छोड़ने का प्रयास करेगी।

कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद शार्दुल ठाकुर ने कहा,''टी20 मुंबई लीग में ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का समूह और अनुभवी कोचिंग स्टाफ है। हमारा ध्यान अच्छी तैयारी, सकारात्मक क्रिकेट और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहेगा। हम जीत की संस्कृति विकसित करना चाहते हैं और अपने प्रशंसकों को गर्व महसूस कराना चाहते हैं।''

फ्रेंचाइजी के मालिक विकी रूपचंदानी ने कहा कि शार्दुल एक सिद्ध मैच विजेता और सम्मानित लीडर हैं, जिन्हें मुंबई क्रिकेट की गहरी समझ है। उन्होंने विश्वास जताया कि शार्दुल और मुख्य कोच धवल कुलकर्णी की जोड़ी टीम को यादगार सीजन दिला सकती है। टी20 मुंबई लीग 2026 का आयोजन 1 से 13 जून तक होगा। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में बांद्रा ब्लास्टर्स के खिलाफ करेगी।

एशियाई खेल चयन ट्रॉयल्स में थमा विनेश का सफर, सेमीफाइनल में मीनाक्षी से मिली हार

नई दिल्ली, 30 मई। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का एशियाई खेल 2026 चयन ट्रायल्स में सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। महिलाओं के 53 किलोठाम भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में उन्हें मीनाक्षी गोयत के हाथों 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

विनेश ने ट्रायल्स की शुरुआत जोरदार अंदाज में की थी। पहले दौर में उन्होंने ज्योति को 7-1 से हराया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में निशु के खिलाफ बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्होंने मानदंड (क्राइटेरिया) के आधार पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

हालांकि सेमीफाइनल के मुकाबले में मीनाक्षी गोयत ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और 6-4 से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मीनाक्षी इससे पहले एशियाई चैंपियनशिप ट्रायल्स में भी चर्चित पहलवान अंतिम पंघाल को हराकर सुर्खियों में आई थीं। इस हार के साथ ही विनेश फोगाट की प्रतिस्पर्धी वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। साथ ही इस वर्ष जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना भी लगभग टूट गया है।

53 किलोग्राम वर्ग में खेलने को लेकर हुआ था विवाद

सेमीफाइनल तक पहुंचने से पहले विवाद भी सामने आया। शनिवार सुबह आधिकारिक वजन प्रक्रिया (वेट-इन) के दौरान विनेश को बताया गया था कि वे केवल 50 किलोग्राम वर्ग में ही ट्रायल खेल सकती हैं, क्योंकि उनके पिछले चार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट, जिनमें पेरिस ओलंपिक भी शामिल है, इसी वर्ग में खेले गए थे। विनेश ने इस निर्णय का विरोध किया और भारतीय कुश्ती महासंघ पर भेदभाव का आरोप लगाया।

39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की समीक्षा की : मांडविया

नई दिल्ली, 30 मई। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा बैठक में तैयारियों पर संतोष जताया और प्रदेश में 150 करोड़ रूपये की लागत से ऊंचाई पर अभ्यास केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की। बैठक में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्रीय खेल और युवा कार्य राज्य मंत्री रक्षा खड़से, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा, राज्य के खेलमंत्री वैलाद्मिकी शायला और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के खेल अधिकारी मौजूद थे। मांडविया ने खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा ,' मैने मेघालय में होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की है और मैं पूरे यकीन से कह सकता हूं कि राष्ट्रीय खेल 2024 सफलता का नया अध्याय लिखेंगे।'' उन्होंने कहा ,'' राष्ट्रीय खेलों के जरिये डोपिंग को लेकर जागरूकता फैलाई जानी चाहिये। खिलाड़ियों को डोपिंग के नुकसान के बारे में बताना जरूरी है।''

आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप पर सूर्यवंशी का कब्जा, गेंदबाजों में रबाडा सबसे आगे

नई दिल्ली, 30 मई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दूसरे क्वालिफायर में भले ही राजस्थान रॉयल्स का सफर समाप्त हो गया, लेकिन 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पूरे टूर्नामेंट में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा अंतर बना लिया। दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा पर्पल कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

ऑरेंज कैप की दौड़ में सूर्यवंशी सबसे आगे

गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 में वैभव सूर्यवंशी ने 47 गेंदों में 96 रनों की विस्फोटक पारी खेली। हालांकि वह शतक से चूक गए, लेकिन इस पारी के साथ उन्होंने सीजन का समापन 776 रन के साथ किया। पूरे टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जो किसी भी बल्लेबाज के लिए असाधारण माना जा रहा है। सूर्यवंशी ने इस सीजन कई रिकॉर्ड तोड़े और लगातार बड़े स्कोर बनाकर खुद को आईपीएल का सबसे बड़ा युवा सितारा साबित किया।

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के पास अभी मौका

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने क्वालिफायर-2 में 53 गेंदों पर 104 रनों की कप्तानी पारी खेली। इस शतक के साथ उनके सीजन में कुल रन 722 हो गए हैं। वह सूर्यवंशी से 54 रन पीछे हैं, लेकिन उनके पास फाइनल मुकाबला खेलने का अवसर है। वहीं सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने 32 गेंदों में 58 रन बनाए और अपने कुल रन 710 तक पहुंचा दिए। सुदर्शन भी फाइनल में बड़ी पारी खेलकर ऑरेंज कैप की दौड़ को रोचक बना सकते हैं। हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 600 रन के साथ पीछे हैं और उनके लिए ऑरेंज कैप जीतना अब बेहद कठिन नजर आ रहा है।

राजस्थान सीनियर तैराकी प्रतियोगिता कल से एसएमएस स्टेडियम में : व्यास



जयपुर, 30 मई। राजस्थान राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 3 जून तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के अंतरराष्ट्रीय तरणताल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 14 जिलों से लगभग 160 बालक और बालिका तैराक भाग लेंगे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 66 स्पर्धाएं आयोजित होंगी, जिनमें प्रदेश के उभरते और अनुभवी तैराक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने शनिवार को यहां बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का जिम्मा जयपुर जिला तैराकी संघ को सौंपा गया है। जिला संघ के सचिव राजवीर सिंह को आयोजन समिति का सचिव बनाया गया है। अनिल व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 16 से 20 जून तक अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के कई जूनियर राष्ट्रीय पदक विजेता तैराक भी हिस्सा लेंगे, जिनमें लकी अली खान, मोहम्मद अनस, सरजन सिंह देओल, दक्षिणा जोशी और योग्य सिंह प्रमुख हैं। इन खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला संघ के अध्यक्ष गजानंद शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में आधुनिक तकनीक और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ मुकाबले कराए जाएंगे, ताकि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अनुभव मिल सके। राज्य के तैराकों के लिए यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

राज्य स्तरीय सीनियर महिला प्रतियोगिता 9 से

जयपुर, 30 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2026 -27 की पूर्व तैयारियों के लिए आरसीए द्वारा आगामी 9 जून से राज्य स्तरीय सीनियर महिला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता बीसीसीआई के नियमों के आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के मैच वाइट बॉल से खेले जाएंगे व सभी जिला क्रिकेट संघों को प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जिसके लिए निम्न मूल दस्तावेज आवश्यक होंगे: - कम्प्यूटरीकृत जन्म प्रमाण पत्र, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों की स्कूल / कॉलेज की मार्कशीट, आधार कार्ड / वोटर आईडी / ड्राइविंग लाइसेंस / पासपोर्ट / पैन कार्ड। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए एनओसी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 1 जून 2026 है।

भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराया, मैत्री श्रृंखला 2-2 से बराबर

पर्थ, 30 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के चौथे और अंतिम मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन अंततः 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस परिणाम के बावजूद चार मैचों की श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। भारतीय टीम ने शनिवार को खेले गए इस मुकाबले की शानदार शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई और शुरुआती दबाव ऑस्ट्रेलिया पर बना दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। दीपिका सोरेंग (23वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया